ing to empower women socially, politically and economically.

आपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना

1652. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आठवीं पंचवर्षीय योजना-वधि के दौरान माध्यमिक (मिडल) विद्यालयों में "आपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना" के कार्यान्वयन संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो उसका राज्यवार ब्यौरा क्या है और उक्त योजना के प्रथम चरण में कितने विद्यालयों को शामिल किया जाएगा ;

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान अभी तक उक्त योजना के अधीन सातवीं कक्षा तक के प्राप्त परिणामों का राज्यवार ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या सरकार "आपरेशन ब्लैक बोर्ड की विस्तारिक योजना" के लाभों को प्राथमिकता के आधार पर देश के पिछड़े क्षेत्रों तथा महिला/बालिका शिक्षा क्षेत्रों को उपलब्ध कराने का विचार रखती है; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) आठवीं योजना के दौरान, आपरेशन ब्लैक बोर्ड की योजना को उच्च प्राथमिक स्कूलों तक बढ़ाया गया है तथा इसे 1993-94 से आरम्भ किया गया है ।

(ख) इस योजना के अन्तर्गत कोई राज्यवार लक्ष्य निर्धारित नहीं किए गए हैं। जिन राज्यों में मौजूदा चरण के अन्तर्गत कार्यान्वयन का कार्य पूरा हो गया है, उन राज्यों में उच्च प्राथमिक स्कूलों की कवरेज पहले चरण में आरम्भ की गई है आठवीं योजना के दौरान लगभग 14000 (10%) उच्च प्राथमिक स्कूलों को शामिल किए जाने का प्रस्ताव है ।

(ग) इस योजना को वर्ष 1993-94 से उच्च प्राथमिक स्कूलों तक बढ़ाया गया है। आपरेशन ब्लैकबोर्ड योजना के कार्यान्वयन की राज्यवार प्रगति (कक्षा iv अथवा v तक के स्कूल, विभिन्न राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के गठन के आधार पर विवरण में दी गई है **(नीचे देखिये)** ।

(घ) और (ङ) विस्तृत आपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना के अन्तर्गत, राज्यों को स्कूलों का चयन करते समय निम्नलिखित मानदण्ड अपनाने का परामर्श दिया गया है :-

- आठवीं योजना के दौरान, केवल ग्रामीण स्कूल ही शामिल किए जायेंगे ।
- चयन में बालिका स्कूलों को प्राथमिकता दी जाएगी ।
- अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा अ०ज०/अ०ज० जाति के क्षेत्रों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी ।

विवरण

ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना के तहत प्रगति

क्र. स.	राज्य/संघशासित क्षेत्र	उन स्कूलों की संख्या जिनमें पठन पाठन उपस्कर संस्वीकृत किए गए हैं	एकल शिक्षक स्कूलों के लिए संस्वीकृत अतिरिक्त शिक्षकों के पदों की संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	43706	20286
2.	अरुणाचल प्रदेश	952	526
3.	असम	25970	8903
4.	बिहार	51355	13303
5.	गोवा	966	167
6.	गुजरात	12393	2374
7.	हरियाणा	7445	358
8.	हिमाचल प्रदेश	6934	1941
9.	जम्मू और कश्मीर	7768	4380
10.	कर्नाटक	22281	14350
11.	केरल	6674	—
12.	मध्य प्रदेश	64722	19574
13.	महाराष्ट्र	36800	15604
14.	मणिपुर	2550	338
15.	मेघालय	3141	1969
16.	मिजोरम	1015	133
17.	नागालैंड	1190	42
18.	उड़ीसा	34178	14112
19.	पंजाब	12925	1457
20.	राजस्थान	27023	15352
21.	सिक्किम	509	45
22.	तमिलनाडु	29255	2724
23.	त्रिपुरा	1927	145

1	2	3	4
24.	उत्तर प्रदेश	70083	7224
25.	पश्चिम बंगाल	48450	1679
26.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	182	7
27.	चंडीगढ़	23	—
28.	दादरा और नागर हवेली	120	80
29.	दमन और दीव	32	—
30.	दिल्ली	1688	—
31.	लक्षद्वीप	19	—
32.	पांडिचेरी	271	51

Posting of teachers on promotion in KVS

1653. SHRI RAGHAVJI: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the TGTs on promotion to the posts of PGTs can be posted in their existing Vidyalayas/stations subject to the availability of vacancy;

(b) if so, whether it is also a fact that some SC/ST promotees to the posts of PGTs in Ahmedabad Region had recently been posted to Silchar and Guwahati Region though vacancies did exist in Ahmedabad and nearby regions;

(c) if so, the details of such promotees; and

(d) reasons for such an action?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE (KUMARI SELJA): (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir.

(c) and (d) Do not arise.

Financial assistance to Sanskrit Pathshalas

1654. SHRI V. RAJESHWAR RAO :
DR. SHRIKANT RAMCHANDRA JICHKAR :

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) how many Sanskrit Pathshalas have been covered this year for financial assistance under the scheme of modernisation of Sanskrit Pathshalas;

(b) what is the total amount of money given to them under the scheme.

(c) whether Government consider that such small amount would hardly be of any benefit to the said Pathshalas; and

(d) whether the grants to the Pathshalas will be increased ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) As yet no Sanskrit Pathshala has been covered this year for financial assistance under the scheme of Modernisation of Sanskrit Pathshalas as proposals are still